<u>कार्यालय, जनपद न्यायालय वाराणसी।</u>

<u>आदेश</u>

माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक सं0–2760/VIIb–104/एडमिन डी सेक्शन/इलाहाबाद दिनांकित 21.02.2023 के अनुपालन में शासनादेश सं0–1663/VII-न्याय–2–2000–41जी/97 दिनांकित 19.10.2000 सपठित शासनादेश सं0– 15/2016/1111/VII–न्याय–2–2016–41जी/97 दिनांकित 10.08.2016 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप नियत मानदेय के 7 अंशकालिक संविदा स्वच्छकारों की नियुक्ति मु0 6000/– रूपये प्रतिमाह नियत मजदूरी पर किया जाना है। नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपनी फोटो, शैक्षिक योग्यता व मूल निवास प्रमाणपत्र के साथ अपना आवेदन दिनांक 16.10.2023 कार्यालय अवधि के दौरान जनपद न्यायालय वाराणसी के नजारत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। यह नियुक्ति पूर्णतः मानदेय पर है और बिना किसी सूचना के कभी भी समाप्त की जा सकती है।

नियुक्ति, अभ्यर्थी की योग्यता व उसकी कार्य कुशलता के परीक्षण के आधार पर होगी। किसी भी आवेदन को स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकारी माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा।

इस सूचना को वाराणसी जिले के स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित कराया जाये तथा न्यायालय, आयुक्त एवं जिलाधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाये एवं इसकी सूचना न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाईट पर भी अपलोड की जाये।

Sanjeev 26/9/23

(संजीव कुमार सिन्हा)
अध्यक्ष, नियुक्ति समिति/
अपर जिला जज, कक्ष सं0–01
वाराणसी।